भारत के वाणिज्यिक विमानन मानचित्र में अरुणाचल का प्रवेश

चर्चा में क्यों?

66 साल पहले निर्मित युद्धकालीन हवाई पट्टी के आधार पर अरुणाचल प्रदेश को भारत के वाणिज्यिक विमानन मानचित्र में शामिल कर लिया गया है। इस मानचित्रण में शामिल होने वाला यह पूर्वोत्तर का 8वाँ एवं अंतिम राज्य है। पासीघाट हवाई अड्डे (Pasighat Airport) ने नागरिक संचालन वाले भारत के सबसे पूर्वी हवाई अड्डे के रूप में रिकॉर्ड बनाया।

पासीघाट (अरुणाचल प्रदेश)

- गुवाहाटी के उत्तर-पूर्व में लगभग 570 किमी. दूर स्थित पासीघाट पूर्वी सियांग ज़िले का मुख्यालय और राज्य का सबसे पुराना शहर (1911 के दौरान स्थापित) है। इस नगर को पासीघाट नाम इस क्षेत्र की एक जनजाति 'पासी' के नाम पर दिया गया।
- अरुणाचल प्रदेश में पासीघाट को 'अरुणाचल प्रदेश राज्य का पर्यटन द्वार' कहकर संबोधित किया जाता है।
- पासीघाट की मनोरम पहाड़ियाँ और खूबसूरत नदी घाटियाँ, न केवल बहुत-सी जनजातियों का आश्रय हैं, बल्कि यह स्थान पर्यटकों तथा फोटोग्राफरों के लिये रोमांच एवं आनंद का विषय है।

विशेष बिंदु

- यह उड़ान सेवा अरुणाचल प्रदेश के दूरस्थ हिस्सों को वायु और सड़क कनेक्टिविटी प्रदान करने में अहम् भूमिका निभाएगी।
- भारत सरकार द्वारा बहुउद्देशीय क्षेत्रीय वायु कनेक्टिविटी योजना 'उड़ान' के अंतर्गत शुरू की गई, कोलकाता-गुवाहाटी-पासीघाट सर्किट सेवा एक सप्ताह में तीन बार अपनी सेवा प्रदान करेगी।

लाभ

- सामरिक दृष्टि से यह एक बड़ी उपलब्धि है, पासीघाट हवाई अड्डे के संचालन से पूर्वी वायु कमान हर तरह के विमानों और हेलीकॉप्टरों का परिचालन कर सकता है।
- इससे, न केवल विभिन्न परिचालन गतिविधियों में त्वरित कार्रवाई की जा सकती हैं बल्कि पूर्वी सीमा पर वायु परिचालन की क्षमता में भी वृद्धि होगी। साथ ही इससे सेना, अर्द्धसैनिक बल और असैन्य बलों की प्रशासनिक कुशलता में भी इज़ाफा होगा।
- चीन की सीमा पर भारतीय सैन्य ताकत में वृद्धि करने की कवायद के तहत, अरुणाचल प्रदेश का पासीघाट हवाई अड्डा बहुत महत्त्वपूर्ण साबित होगा। इस हवाई अड्डे से एसयू 30 एमकेआई जैसे लड़ाकू विमानों की आवाजाही संभव हो सकती है।

पूर्वोत्तर में कार्यरत अन्य प्रमुख हवाई अड्डे

- 27 अप्रैल को उड़ान योजना के तहत, 18 सीटर एयर डेक्कन फ्लाइट के माध्यम से मेघालय राज्य की राजधानी शिलॉन्ग को समीप के उमरोई हवाई अड्डे से जोड़ा गया था। हालाँकि, उमरोई में एक दशक पहले से अनियमित वाणिज्यिक उड़ान सेवा उपलब्ध है।
- इसी वर्ष 10 मार्च को सिक्किम के लिये भी एयर कनेक्टिविटी सेवा शुरू की गई थी।
- पूर्वोत्तर में असम सबसे अच्छा एयर कनेक्टेड राज्य है, साथ ही इसका गुवाहाटी शहर क्षेत्र का सबसे उन्नत संचार केंद्र भी है।
- इसके अतिरिक्त, इस क्षेत्र में वाणिज्यिक उड़ान सेवाएँ प्रदान करने वाले अन्य नागरिक हवाई अड्डे डिब्रूगढ़, सिलचर, जोरहाट, उत्तर लखीमपुर और तेजपुर हैं।
- पूर्वोत्तर में गुवाहाटी के बाद व्यस्ततम् हवाई अड्डे इम्फाल और अगरतला हैं, इसके बाद मिज़ोरम की राजधानी ऐज़ोल के पास लेंगपुई और नागालैंड का दीमापुर हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/arunachal-enters-india-commercial-aviation-map